पेज थ्री देहरादून

हमारा दून





श्रद्धांजलि मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्रीतम सिंह।

# देश को अपने पैरों पर खड़ा करेगा प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत: सीएम

**आत्मनिर्भर भारत**

■आज के परिवेश में स्वदेशी को अपनाये जाने की आवश्यकता

■कुम्भ परम्परागत तरीके से होगा, समय पर होगा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा है कि प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत निश्चित रूप से भारत देश को अपने पैरों पर खड़ा करेगा और उत्तराखंड इस दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में स्वदेशी को अपनाये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत पैकेज विपरित परिस्थितियों में लाया गया है।

सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि आजकल स्वदेशी का नारा प्रचलित हो रहा है, 1977 में कोका कोला पहला पेय पदार्थ देश में आया था और पीएम मोदी ने आत्म निर्भर भारत का सपना देखा, ओर उस पर काम शुरू किया है और मजदूर गरीब वर्ग का ध्यान रखा गया है। विपरीत परिस्थितियों में पीएम नरेन्द्र मोदी ने खाद्यान्न संकट को दूर किया, और निःशुल्क राशन नवम्बर माह तक बढ़ा दिया गया है और किसान, श्रमिक एवं एमएसएमई को बढ़ावा दिया जाएगा। कोरोना वायरस के शुरुआती दौर में देश में पीपीई किट नही थी, लेकिन अब लाखों की संख्या में पीपीई किट बना भी रहे है और विदेशों को निर्यात भी कर रहे है, एन 95 मॉस्क भी अब विदेशों को निर्यात कर रहे है, उन्हांने कहा कि लोन के स्लेप को बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियो के पीएफ का भुगतान सरकार कर रही है , स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है, ढांचागत सुधार ज्यादा हुआ है, देशभर में वेंटिलेटर अब भारी मात्रा में है। उत्तराखंड के परिपेक्ष्य में पर्याप्त मात्रा में वेंटिलेटर है, भारत सरकार ने भी मदद की है और 80 करोड़ लोगो को गरीब कल्याण योजना में अन्न मिल रहा है, विधवा, गरीब, वृद्धा पेंशन आदि पर देशभर में 64 हजार 500 करोड़ खर्च हुआ, न्यूनतम समर्थन मूल्य में डेढ़ गुना बढ़ोतरी की गई, किसान को आर्थिक पैकेज का लाभ मिलेगा और इससे देश की जरूरत तो पूरी होगी ही, साथ ही साथ अन्य देशों को भी खाद्यान निर्यात होगा।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में 150 कैटेगिरी शमिल की गई, इसमें मोटर बाइक टेक्सी योजना शामिल की गयी है, बरसात को देखते हुए दोहरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए, ताकि सड़के या अन्य आवागमन के साधन बाधित न हो, उन्होंने कहा कि इसमें फण्ड की कोई कमी नही है इस मद में, सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी के साथ पोकलैंड मशीन भी लगाई जाएगी। कुम्भ के लिए स्थाई कार्य चल रहे है, जिसमे सड़क और पुल के कार्य भी शामिल है, कुम्भ परम्परागत तरीके से होगा, समय पर होगा।

## बेरोजगारों के लिए आजीविका के साधन बढ़ाने के लिए निर्देश

देहरादून। सचिवालय सभागार में मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में महात्मा गांधी नरेगा आजीविका साधन पैकेज के रूप में उपलब्ध कराने विषयक बैठक संपन्न हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बेरोजगारों के लिए आजीविका के साधन बढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए है। उन्होंने आजीविका साधन पैकेज के संबंध में शीघ्र शासनादेश जारी करने के निर्देश दिए तथा शासनादेश में अन्य विभागों यथा कृषि, पशुपालन, डेयरी विभागों की भी योजनाओं को शामिल करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य सचिव ने कहा कि समस्त कृषि एवं ग्रामीण रोजगार से जुड़े विभाग यथा कृषि, पशुपालन, डेयरी आदि विभाग अपनी योजनाओं से लाभार्थियों के लिए अवस्थापना सुविधाओं की विकास में मनरेगा से अधिक से अधिक धनराशि का उपयोग कराना सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 2020–21 में मनरेगा में निर्धारित लक्ष्य 710 करोड़ रूपये में से 35 प्रतिशत तक आजीविका साधन पैकेज में उपयोग किया जाए। जबकि यह बजट 23 प्रतिशत प्रस्तावित था। इससे लगभग 218 करोड़ रूपये का धन ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के आजीविका के साधनों के लिए उपयोग किया जाएगा। वर्तमान पैकेज में भूमिहीन परिवारों को कुक्कट पालन, मछली पालन आदि गतिविधियां संचालन के लिए विभिन्न श्रेणियों में धन उपलब्ध कराया जाएगा।

# 15 दिन में लाइवलीहुड प्लान एवं रिफॉर्म प्लान बनाए

**निर्देश**

■सीएम ने की आजीविका की नई संभावनाओं पर अधिकारियों के साथ बैठक

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरूवार को सचिवालय में राज्य में लाइवलीहुड (आजीविका) की नई संभावनाओं के सबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सभी विभाग 15 दिन में लाइवलीहुड प्लान एवं रिफॉर्म प्लान बनाकर मुख्य सचिव को अनुमोदन हेतु भेज दें। प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में राजस्व बढ़ाने के लिए भी 10 दिन में प्लान बनाने के निर्देश दिये।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड–19 के बाद प्रदेश की आर्थिकी में सुधार लाने एवं लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए हमें बड़े स्तर पर प्रयास करने होंगे। लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए शॉर्ट, मिड एवं लॉग टर्म प्लान बनाकर कार्य करने होंगे। हमारा पहला लक्ष्य कोविड–19 की वजह से जिन लोगों की आजीविका के संसाधन प्रभावित हुए हैं, उनके लिये विशेष प्रयास किये जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ ही उनकी पैकेजिंग, प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग की दिशा में कार्य किये जाय। उत्तराखण्ड में मेडिसनल एवं ऐरोमेटिक प्लांट की दिशा में अनेक संभावनाएं हैं। मेडिसनल एवं एरोमेटिक प्लांट पर कार्य के साथ वन विभाग एवं हॉर्टिकल्चर विभाग को फल, फूल, वनस्पति एवं बी–कीपिंग की दिशा में कार्य करने की जरूरत है।

मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने कहा कि कोविड के कारण जो लोग उत्तराखण्ड वापस आये हैं, कितने लोग यहीं रहकर कार्य करना चाहते हैं, उनकी शैक्षिक एवं अन्य योग्यताओं का विश्लेषण एवं किस–किस क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैं, इसका सर्वे होना जरूरी है। अगले तीन माह में हम लोगों को आजीविका से कैसे जोड़ सकते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने के लिए उनको प्रशिक्षण की व्यवस्थाएं करनी होंगी। केन्द्र एवं राज्य द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को आजीविका से जोड़ने के लिए अनेक योजनाएं लाई गई हैं। हमें इसके सफल क्रियान्वयन के लिए मिलकर प्रयास करने होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सफाई कर्मचारियों ने किया बैंक के खिलाफ प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। दून नगर निगम प्रांगण स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा पर राष्ट्रीय सफाई मजदूर संघ के तत्वावधान में बैंक के खिलाफ प्रदर्शन किया गया और कहा कि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को तेज किया जायेगा। इस अवसर पर बैंक लोन व तीन माह की ईएमआई काटने का पुरजोर विरोध किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेश वैध एवं नगर अध्यक्ष सोनू खैरवाल राष्ट्रीय सफाई मजदूर संघ के नेतृत्व में कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया गया जिसमें बताया गया कि सफाई कर्मचारियों का बैंक लोन की ईएमआई तीन माह की काट दी गई है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर की धान की पौध की रोपाई

**संवाददाता** डोईवाला। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य सड़क में पानी भराव की समस्या पर अधिकारियों व सरकार का ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से मुख्य ग्रामीण सड़क मार्ग पर धान की रोपाई कर विभाग आईना दिखाया है। डोईवाला नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा डोईवाला कुड़कावाला मुख्य मार्ग पर पानी भराव कि कई बार विभागीय अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का समाधान ना होने पर आज सरकार और विभाग का ध्यान केंद्रित करने के लिए मुख्य मार्ग पर धान की रोपाई की गई।

### लाखों के जेवरात व नगदी सहित शातिर चोर गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी देहरादून के प्रेमनगर थाना पुलिस को भारी सफलता हाथ लगी है। प्रेमनगर थाना पुलिस ने दून में हुई कई चोरियों का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को लाखों के जेवरात व नगदी सहित गिरफ्तार किया है। शातिर चोर के दो साथी फरार होने में सफल रहे जिनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष प्रेमनगर धर्मेन्द्र सिंह रौतेला द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि बीती तीस जून को सैनिक कालोनी केहरीगांव निवासी राकेश कुमार द्वारा थाना प्रेमनगर में तहरीर देकर बताया गया कि उनके बंद मकान से अज्ञात चोरों द्वारा लाखों के जेवरात व नगदी चोरी कर लिये गये है।

### राष्ट्रीय आदर्श पार्टी का अनिश्चितकालीन धरना आरंभ

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में ऑनलाइन शिक्षा के नाम पर अभिभावकों का शोषण किये जाने व फीस वसूली जा रहीं है के खिलाफ राष्ट्रीय आदर्श पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकालीन धरना आरंभ कर दिया है। पार्टी के कार्यकर्ता ट्रांसपोर्टनगर स्थित लक्ष्मी धर्म कांटे के समक्ष इकटठा हुए और पब्लिक स्कूलों के खिलाफ जमकर प्रदर्शन और धरना दिया।

### प्रीतम सिंह ने श्रद्धांजलि मार्च को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**संवाददाता** देहरादून। गलवान घाटी में शहीद हुये सैनिकों के सम्मान में उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रभारी डॉक्टर अमरजीत सिंह के निर्देश पर पीसीसी देहरादून मुख्यालय से माणा बॉर्डर तक शहीद सैनिक श्रद्धांजलि मार्च का आयोजन किया गया और उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि देवभूमि वीरों की भूमि है और शहीद सैनिकों को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि यह श्रद्धांजलि मार्च अपने आप में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य प्रवक्ता प्रवीण पुरोहित ने बताया कि श्रद्धांजलि मार्च का डोईवाला, ऋषिकेश, कीर्ति नगर, श्रीनगर, खांकरा , रुद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग में जगह–जगह स्वागत किया जाएगा। श्रद्धांजलि मार्ग उसी दिन जोशीमठ के लिए वापस होगा।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News

Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।